# दिसंबर तक पूरा करना होगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य



लिंक एक्सप्रेसवे

लखनऊ। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को लिंक एक्सप्रेसवे का स्थलीय निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने निर्माण कंपनियों के अधिकारियों से निर्माण कार्य में गुणवत्ता का यान रखने को कहा। उन्होंने सबसे पहले पैकेज-1 व 2 के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने घाघरा नदी पर बन रहे दीर्घ सेतु का निर्माण अक्तूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि अब तक एक्सप्रेसवे का 67 प्रतिशत भौतिक कार्य हो चुका है। निरीक्षण के दौरान यूपीडा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। ब्यूरो